नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



5 अमेरिका का एक महीने बाद फिर ईरान पर हमला




4 सोनिया गांधी की किताब पर हंगामा है क्यों बरपा?



9 ब्यूटी बाजार को नया रूप देंगे जेन जी



8 मुकेश-शमी ने मध्य क्षेत्र को दिए शुरुआती झटके

### सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के एक महीने बाद नगर निगम ने की सीलिंग की कार्रवाई

# इंतजार खत्म, कॉलोनियों में दुकानें सील

**1** अभी तक सिर्फ नोटिसों तक ही सीमित था नगर निगम

**2** सुप्रीम कोर्ट का 5 अगस्त को आया सख्त आदेश


**3** शहर में 60 हजार दुकानों को किया जाना है सील

**नवभारत संवाददाता**

**भोपाल, 31 अगस्त. राजधानी में दो महीनों की जद्दोजहद के बाद आखिरकार सोमवार को नगर निगम ने बड़े स्तर पर सीलिंग की कार्रवाई को अंजाम दे दिया. यह कार्रवाई अब प्रतिदिन की जाना है. यह सीलिंग की कार्रवाई आवासीय कॉलोनी में व्यवसायिक गतिविधियों पर की गई है.**

सुबह 9 बजे से ही शहर की सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में नगर निगम के अधिकारी पुलिस बल के साथ कॉलोनी में संचालित दुकानों को सीलिंग करने पहुंच गए. जिन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सील किया जाना था उनको एक सप्ताह से अधिक समय पहले नगर निगम 24 घंटे में सीलिंग करने के लगभग 750 नोटिस चस्पा कर चुका था. जिनमें से लगभग 109 दुकानों पर सीलिंग की कार्रवाई करने का लक्ष्य रखा था. जब नगर निगम ने शहर में सीलिंग की कार्रवाई शुरु की तो उनके पहुंचते ही कुछ लोगो ने





**60 हजार होना है सील** | नगर निगम ने पूरे शहर में आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का चिन्हांकन किया, जिसमें 62500 प्रतिष्ठान पाए गए. इनमें से 60 हजार ऐसे थे, जिनको सीलिंग किया जाना है.

स्वयं ही शटर डाल दिए. जानकारी अनुसार ई-3 अरेरा कॉलोनी में सीलिंग गणेश मंदिर के पास रेस्टोरेंट और नमकीन बनाने वाले सहित 15 पर कार्रवाई की. सर्वधर्म बी सेक्टर स्थित क्लियर होटल को सील किया गया वहीं गौतम नगर में कुछ व्यापारियों ने नगर निगम के अमले का देखते ही स्वयं बंद कर दी जिन्होंने बंद नहीं की थी उनको नगर निगम के भवन अनुज्ञा शाखा के अधिकारियों ने सीलिंग की कार्रवाई की. गौतम नगर क्षेत्र में लगभग 25 दुकानों को बंद करवाया गया. उसके बाद खानूगांव में व्यवसाय करते हुए दुकान को भी सीलिंग बंद कराया गया. रचना नगर में संचालित जूंबा डांस हाउस भी कार्रवाई की गई.

#### सरकार ने भी रुकवाई थी कार्रवाई

जुलाई माह में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद से नगर निगम ने शहर की पॉश कॉलोनी में नोटिस देना शुरू किये थे. जिसके बाद व्यापारी संगठनों ने इस कार्रवाई का विरोध करना शुरू कर दिया. और शहर के सभी क्षेत्रों में व्यापारियों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया. उसके बाद व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भी चर्चा की थी. उसके बाद 1 अगस्त से कार्रवाई रुक गई.

#### पांच अगस्त के बाद फिर हुई कार्रवाई

लेकिन 5 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम आयुक्त व नगरीय प्रशासन आयुक्त को सीलिंग की कार्रवाई को जारी रखने के लिए आदेशित किया. वहीं सरकार के उस आदेश को भी निरस्त कर दिया जिसमें कोर्ट के आदेश का परीक्षण कर कार्रवाई की जाना थी. इस मामले की सुप्रीम कोर्ट में अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी. जिसमें की गई कार्रवाई का ब्यौरा पेश किया जाएगा.

# कांग्रेस बढ़ा रही समाज में संघर्ष

### भाजपा कार्यसमिति की बैठक में सीएम ने किया हमला

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 31 अगस्त. राजा राम की नगरी ओरछा में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में दूसरे व अंतिम दिन कांग्रेस और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी निशाने पर रहे.**

**बैठक में हुई कई मुद्दों पर चर्चा**





वैसे तो कार्यसमिति में देश में विवाद और चर्चा के केंद्र वाले विषयों ने किनारा करने की ही कोशिश की गई, लेकिन जिस तरह से हाल ही में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जिस तरह हिंदुत्व सनातन, मनु स्मृति के साथ ही चाय के कप को समाज में व्याप्त भेदभाव से जोड़ दिया, तो फिर सोमवार को कार्यसमिति के दूसरे दिन इन विषयों पर चर्चा भी की गई. इस दौरान डॉ. मोहन यादव सबसे ज्यादा मुखर रहे और उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला किया. डॉ यादव ने कहा कि कांग्रेस समाज में वर्ग संघर्ष को बढ़ा रही है. इसलिए हमें सावधान रहना होगा. हमें रणनीति भी उसी हिसाब से बनाना होगा, जिससे नैरेटिव का जस की तस की तर्ज पर जवाब दिया जा सके. कार्यसमिति के दूसरे दिन मुख्य रूप से डॉ. यादव और राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश की पाठशाला लगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में एमबीबीएस की सीटें 1250 थीं, उसे हमारी सरकारों ने बढ़ाकर 6250 तक पहुंचा दिया है.

प्रदेश में 39 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं, जिन्हें 50 से करने का लक्ष्य है. सांदीपनि विद्यालय, पीएम एक्सीलेंस कॉलेज, आईटीआई के माध्यम से युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा के लिए कार्य हो रहा है. मुख्यमंत्री ने कहा कि दो साल में ढाई लाख पदों पर भर्ती का लक्ष्य है. पुलिसकर्मियों के साढ़े 18 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जा रही है. 85 हजार कई अन्य पदों पर भर्ती की जा रही है.भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री व सांसद कविता पाटीदार एवं प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी ने कार्यशाला में पीपीटी के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की.

#### कांग्रेस सत्ता प्राप्त करने के लिए मुस्लिम लीग से समझौता करती है: डॉ. मोहन यादव

कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस पर हमला करने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संभाली. उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार वर्ग संघर्ष बढ़ाने का कार्य कर रही है. कांग्रेस ने पहले मुस्लिम लीग के साथ समझौता किया था और आज भी केरल में मुस्लिम लीग के साथ समझौता कर सत्ता में आई है. कांग्रेस पहले भी तुष्टिकरण की राजनीति करती रही है और आज भी वही कार्य कर रही है. सत्ता की भूख के कारण कांग्रेस समय-समय पर समाज को बांटने का प्रयास करती रही है. इसके विपरीत भाजपा सामाजिक समरसता और सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ कार्य करती है.

### एक नजर में

#### राहुल पर केस से भड़की कांग्रेस

**देहरादून.** उत्तराखंड के हल्द्वानी में राहुल गांधी के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे ने देश की राजनीति में नया विवाद खड़ा कर दिया है. एफआईआर के विरोध में कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान किया हैकांग्रेस नेता सूर्यकांत धस्माना ने इस संबंध में उत्तराखंड के डीजीपी को ज्ञापन भेजा.

#### झीरम घाटी हत्याकांड में फैसला टला

**जगदलपुर.** छत्तीसगढ़ में एनआईए कोर्ट में चल रहे बहुचर्चित झीरम घाटी नक्सल हमले के मामले को लेकर सोमवार को फैसला आना था लेकिन जजमेंट से पहले कोर्ट ने सुनवाई की तारीख आगे बढ़ा दी है. अब 5 सितंबर को फैसला आएगा. इस नक्सली हमले की जांच करीब 13 साल से चल रही है.

#### जयपुर ननि चुनाव से पहले कांग्रेस में बगावत

**जयपुर.** जयपुर नगर निगम चुनाव में टिकट वितरण को लेकर कांग्रेस के भीतर असंतोष खुलकर सामने आ गया है. जयपुर शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और हवामहल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे आरआर तिवारी ने टिकट वितरण में अनियमितताओं के विरोध में पार्टी के जयपुर प्रभारी रोहित बोहरा के सिविल लाइंस स्थित आवास के बाहर धरना दिया.

# नेपाल त्रासदी : 903 हुई मृतक संख्या

- सबसे ज्यादा 272 शव दक्षिणी चितवन जिले में मिले हैं
- शवों को दफनाने से पहले डीएनए नमूने एकत्र किए अधिकारियों ने

**काठमांडू, 31 अगस्त. नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ से मरने वालों की संख्या 903 हो गई है. कई में जिलों नदियों के किनारे से शव बरामद हुए हैं. सबसे ज्यादा 272 शव दक्षिणी चितवन जिले में मिले हैं, जहां प्रशासन को उन्हें संभालने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा.** बरामद शवों को देवघाट में दफना दिया, जो काली गंडकी और त्रिशूली नदियों का



संगम स्थल है, ताकि जिले में बीमारियों के फैलने का खतरा न रहे. एनडीआरआरएमए ने बताया कि कई अन्य अज्ञात शव अलग-अलग जिलों के 21 अस्पतालों में रखे गए हैं. अब भी 4,247 लोग लापता हैं, जिनमें 592 विदेशी नागरिक शामिल हैं. इसके अलावा, भोटेकोशी और त्रिशूली नदी क्षेत्रों में स्थित विभिन्न जलविद्युत परियोजनाओं में काम करने वाले 933 कर्मचारी भी अब तक संपर्क में नहीं आए हैं. इस आपदा में 267 लोग घायल हुए हैं. इनमें से 156 लोगों को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है. अब तक कुल 10,451 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है. इनमें 252 विदेशी नागरिक और 3,344 नेपाली नागरिक शामिल हैं, जिन्हें नेपाल सेना ने हवाई बचाव अभियानों के जरिए सुरक्षित निकाला. अधिकारियों ने बताया कि खोज, बचाव और राहत कार्यों के लिए अब तक 20,819 सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है. इनमें 8,722 नेपाल सेना के जवान, 7,894 नेपाल पुलिसकर्मी और 4,203 सशस्त्र पुलिस बल के जवान शामिल हैं.

### मुठभेड़ में बालियान के दो शूटर ढेर

**शामली.** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में हाल ही में हुई हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान की हत्या के आरोपियों का पुलिस ने सोमवार की सुबह एनकाउंटर कर दिया. प्राप्त जानकारी के मुताबिक शामली पुलिस और शूटरों के बीच यह मुठभेड़ हुई है. इस मुठभेड़ में दो शूटरों को पुलिस ने ढेर कर दिए. मृतक शूटरों की पहचान मोहित और सुमित के रूप में हुई है. हालांकि इस एनकाउंटर में एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया. शामली जिले के पानीपत कैराना हाईवे पर मुठभेड़ हुई है. बता दें कि अंकित बालियान की हत्या की जिम्मेदारी गोगी गैंग ने ली थी.

# मणिपुर में दो को भूना

### कांगपोकपी के गांव में फायरिंग, दो घायल

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**इंफाल, 31 अगस्त. मणिपुर के कांगपोकपी जिले में सोमवार सुबह सशस्त्र हमलावरों ने एन तेइखांग गांव में गोलीबारी कर दी. घटना में दो ग्रामीणों की मौत होने की खबर है जबकि दो अन्य घायल हो गए.**

स्थानीय सूत्रों ने हमलावरों पर एनएससीएन-आईएम और जेडयूएफ-के से जुड़े होने का आरोप लगाया है. हमले के दौरान कई घरों में आग लगाए जाने की भी सूचना है. घटना टी वाइचोंग उपमंडल में सुबह करीब 9:30 बजे हुई. स्थानीय लोगों के अनुसार, हथियारबंद हमलावरों ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों पर गोलीबारी शुरू कर दी. अचानक हुई फायरिंग के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए. सूत्रों के मुताबिक मृतकों की पहचान लामतिनथांग और टोंगपाओ की पत्नी नेइचिन के रूप में हुई है. एन तेइखांग में हमले के बाद आईटी रोड के आसपास रहने वाले ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है.

### 3.19 किलो अफीम तस्करी में तीनों को 15-15 साल की सजा

**रांची.** रांची की अदालत ने 3.190 किलो अफीम तस्करी के मामले में तीनों आरोपियों को 15-15 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई. प्रत्येक आरोपी पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है. एनसीबी ने गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर उन्हें दोषी करार दिया. न्यायायुक्त सह एनडीपीएस के न्यायाधीश अनिल मिश्रा नंबर-1 की अदालत ने 3.190 किलो अफीम तस्करी के मामले में सोमवार को तीनों आरोपियों को 15-15 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई.

# पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट



**कौशांबी में हादसा**
**11 मरे | 22 घायल**

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**कौशांबी, 31 अगस्त: उत्तर प्रदेश के कौशांबी की पटाखा फैक्ट्री में सोमवार सुबह हुए भीषण विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 22 लोग घायल हो गए. घायलों को प्रयागराज रेफर किया गया है.**

धमाका इतना जबरदस्त था कि फैक्ट्री पूरी तरह जमींदोज हो गई, जबकि आसपास के 6 मकान भी चपेट में आ गए. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार के घटना में 6 लोगों की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि मेडिकल कॉलेज के एसआरएन अस्पताल के ट्रामा सेंटर में पांच घायलों की मौत हुई. इनमें 13 वर्षीय प्रवीण और 5 वर्षीय प्राजंली की शामिल है. दोनों मृतक भाई-बहन है. बच्चों की मां 35 वर्षीय सविता भी गंभीर रूप से घायल है.

# सीएम विजय के नाम पर साइबर ठगी

### इंदौर में फाउंडेशन से आर्थिक मदद देने का झांसा

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर, 31 अगस्त. तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय थलपति के नाम और उनके फाउंडेशन का इस्तेमाल कर साइबर ठग द्वारा इंदौर में लोगों को ठगने की शिकायत साइबर सेल में हुई है.**

ठग फोन पर खुद को मुख्यमंत्री के फाउंडेशन का कर्मचारी बताते हैं और बिजनेस लोन, एजुकेशन लोन, स्टार्टअप लोन और विदेश में पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दिलाने का झांसा देते हैं. इस मामले में इंदौर क्राइम ब्रांच और साइबर सेल में करीब आधा दर्जन शिकायतें दर्ज की गई हैं. मिली जानकारी के




अनुसार, साइबर ठग पहले लोगों को फोन करते हैं और खुद को सीएम विजय के फाउंडेशन से जुड़ा कर्मचारी बताते हैं. इसके बाद फाउंडेशन से आर्थिक मदद दिलाने का लालच दिया जाता है. ठग लोगों को एक लिंक भेजते हैं और उस पर रजिस्ट्रेशन करने के लिए कहते हैं. रजिस्ट्रेशन के बाद तस्स्ञ, ऑनलाइन प्रोसेसिंग और दूसरे चार्ज के नाम पर पैसे जमा करवाए जाते हैं. इसी तरह अलग-अलग बहानों से लोगों से रकम ऐंठने का खेल शुरू हो जाता है.

#### कई लोगों को बनाया निशाना

साइबर ठगों ने कई लोगों को इसी तरीके से अपना निशाना बनाया है. शिकायतें सामने आने के बाद इंदौर पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इन फर्जी कॉल्स के पीछे कौन लोग हैं. इन लोगों तक मोबाइल नंबर और लिंक कैसे पहुंचाए जा रहे हैं और इस नेटवर्क में कितने लोग शामिल हैं.

# मंत्री विजय शाह पर सुको में सुनवाई टली

### कर्नल सोफिया पर टिप्पणी मामले में मंजूरी का इंतजार

**नवभारत न्यूज नेटवक**

**नई दिल्ली, 31 अगस्त. कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह की मुश्किलें फिलहाल खत्म नहीं हुई हैं.**

सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि उनके खिलाफ विशेष जांच दल यानी एसआईटी की जांच पूरी हो चुकी है, लेकिन मुकदमा चलाने के लिए सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी अभी नहीं मिली है. मंजूरी मिलने के बाद अदालत में आरोपपत्र दाखिल



किया जाएगा. इस जानकारी के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई आगे टाल दी. अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि एसआईटी की रिपोर्ट में जांच पूरी होने की बात कही गई है और रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में रखी गई है.

**मुलाकात** इस युद्ध का अंत हो, पीएम मोदी और पुतिन का संदेश

# तनाव के बीच पुतिन, पेजेश्कियन से मिले मोदी

**वांशिंगटन, 31 अगस्त. किर्गिस्तान में एससीओ सम्मेलन चल रहा है. यहां पर प्रधानमंत्री मोदी की रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात हुई. पीएम मोदी ने पुतिन से कहा कि यूक्रेन से युद्ध खत्म होना चाहिए. व्लादिमीर पुतिन और पीएम मोदी की मुलाकात में कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने हुई.**

पीएम मोदी ने पुतिन से कहा कि यूक्रेन से युद्ध खत्म होना चाहिए. उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि इस अंतहीन युद्ध का अब अंत होना चाहिए. इस दौरान पीएम मोदी ने पुतिन से कहाकि भारत ने यूक्रेन-रूस युद्ध में शांति प्रयासों के लिए उठाए गए हर कदम का समर्थन किया है. मानवता की यही पुकार है. प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से कहा कि शांतिपूर्ण तरीकों से सभी मुद्दों का समाधान करना मानवता की पुकार है. दोनों की मुलाकात का वीडियो भी आया है. इसमें राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी एक-दूसरे को गर्मजोशी से गले लगाते नजर आ रहे हैं. इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से मुलाकात की.



**ईरान के साथ भारत की पुरानी दोस्ती को और मजबूत करने का संकल्प : मोदी**

#### पीएम मोदी ने किर्गिस्तान में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी

शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए किर्गिस्तान आए नरेन्द्र मोदी ने यहां महात्मा गांधी के स्मारक पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचारों का हमारे मन पर हमेशा एक अद्वितीय प्रभाव रहेगा. पीएम मोदी ने बिश्केक में विभिन्न समुदायों के लोगों से भी मुलाकात की. एक्स पर कहा, ऐसे लोगों के समूह से मुलाकात हुई जिनका भारत से गहरा जुड़ाव है.

### सीजेपी के प्रदर्शन पर रोक से सुको का इनकार

**दिल्ली.** सीजेपी से जुड़े जंतर-मंतर पर पांच सितंबर को होने वाले विरोध प्रदर्शन मामले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सरकार और संबंधित प्रवर्तन एजेंसियों की जिम्मेदारी है. उन्हें यह तय करना है कि क्या गैरकानूनी है और क्या कानून के दायरे में है. इस मामले में फिलहाल किसी अनहोनी की आशंका मानने की वजह नहीं है. कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर को तय की है.

**45 सितंबर को जंतर-मंजर पर जुटने का ऐलान**

# न्यूयॉर्क में तिरंगे का अपमान

### देश-झंडे का अपमान न करें, ये महंगा पड़ेगा : रिजुजू

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**

**न्यूयॉर्क, 31 अगस्त. 29 अगस्त को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन (सार्वभौमिक एकता समारोह) को संबोधित करने वाले थे. तभी उन्होंने विरोध प्रदर्शन का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करते हुए दिखाया गया है.**

भागवत ने अमेरिका, कनाडा और यूनाइटेड किंगडम के अपने तीन देशों के ग्लोबल आउटरीच दौरे के पहले चरण के तहत मैडिसन स्क्वायर गार्डन में यूनिवर्सल



वननेस सेलिब्रेशन को संबोधित किया. वे आरएसएस के शताब्दी वर्ष समारोह के हिस्से के तौर पर वहां के स्थानीय संगठनों के निमंत्रण पर इस हफ्ते की शुरुआत में न्यूयॉर्क पहुंचे थे.

#### किरेन रिजिजू ने शेयर किया वीडियो

एक्स पर एक पोस्ट में रिजिजू ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, हमने हमेशा कहा है कि आपको आरएसएस, बीजेपी या सरकार की आलोचना करने की आजादी है, लेकिन हमारे देश को बुरा-भला न कहें. ध्यान से सुनें... हमारे झंडे और मेरे देश का अपमान न करें. इसकी आपको भारी कीमत चुकानी पड़ेगी.